आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 31.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया। युवाओं से ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' की परिकल्पना को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।
- राज्य में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित एकता दौड़ में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।
- प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत डेढ़ दर्जन राजकीय महाविद्यालयों को स्थायी प्राचार्य मिले।
- भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून ने किसानों को दो नवविकसित गेहूं की किस्मों के बीज वितरित किए गए।

<u>एकता पदयात्रा</u>

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के घंटाघर में उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही एकता पदयात्रा का शुभारंभ कर उसमें भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वदेशी अपनाने और नशा मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेल जी के अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र समर्पण की भावना के कारण ही आज भारत एक शक्तिशाली और एकीकृत राष्ट्र के रूप में खड़ा है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का सम्पूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता को समर्पित था।
मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यभर में 16 नवंबर तक प्रत्येक जिले के तीन स्थानों पर वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक आयोजन स्थल पर 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा के साथ नशा मुक्त भारत, एक पेड़ मां के नाम और आत्मनिर्भर भारत जैसे जन–जागरूकता अभियानों को भी जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

<u>पटेल जयंती</u>

प्रदेश में आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चम्पावत जिले में विभिन्न स्थानों पर पटेल जी की मूर्ति में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। साथ ही जगह–जगह एकता दौड़ व क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। दौड़ में भाग लेने वाली एथलीट खुशी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन, उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

उधर, नई टिहरी के डाइजर चौक से सांई चौक बौराड़ी तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इससे पहले जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने सभी प्रतिभागियों, जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों को नशामुक्ति व आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जिले भर में 25 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, हरिद्वार के गांधी पार्क से शुरू हुई एकता रैली में स्कूली छात्र–छात्राओं, युवाओं, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बढ–़चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से सभी ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया।

<u>कोडिंग हैकथॉन</u>

राज्य स्थापना के रजत जयंती कार्यक्रमों के उपलक्ष्य में प्रदेश में उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग एक साथ मिलकर कई कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, जिसमें कोडिंग हैकथॉन भी शामिल है। दून विश्वविद्यालय में दो दिवसीय एआई एंड कोडिंग हैकथॉन की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम उत्तराखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल का हिस्सा है। इसके तहत एआई और कोडिंग हैकाथॉन को तीन चरणों विश्वविद्यालय स्तर, क्षेत्रीय स्तर और राज्य स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं में तकनीकी रचनात्मकता, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता को बढ़ावा देना है, ताकि वे आधुनिक तकनीक के माध्यम से समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान खोज सकें।

<u>स्थायी प्राचार्य</u>

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत डेढ़ दर्जन राजकीय महाविद्यालयों को स्थायी प्राचार्य मिल गये हैं। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अनुमोदन के बाद पदोन्नत प्राचार्यों को नवीन तैनाती स्थल भी आंवटित कर दिये गये हैं। विभाग ने इन सभी प्राचार्यां को एक सप्ताह के भीतर नवीन तैनाती स्थल पर अनिवार्य रूप से योगदान देने को कहा है। जिसकी सूचना शासन को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व गुणवत्तापरक बनाने के लिए प्राचार्यों, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों को लगातार भरा जा रहा है। इसी क्रम में डेढ़ दर्जन महाविद्यालयों में स्थाई प्राचार्यों की तैनाती कर दी गई है। इससे महाविद्यालयों के प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने के साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में भी गुणात्मक सुधार होगा।

<u>गेहूं किस्म</u>

भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून की ओर से रायपुर ब्लॉक के किसानों को दो नवविकसित गेहूं की किस्मों– डी.बी.डब्ल.यू 371 और डी.बी.डब्ल.यू 372 के बीज वितरित किए गए। ये किस्में भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा की ओर से विकसित की गई हैं और इन्हें उत्तर भारत के लिए अनुशंसित किया गया है। परियोजना के प्रमुख अन्वेषक व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बांके बिहारी ने किसानों को इन किस्मों के लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि इन किस्मों में उच्च आनुवंशिक क्षमता, अधिक उत्पादन, पोषक गुणवत्ता, रोग प्रतिरोधक क्षमता, कम गिरने की प्रवृत्ति और क्षेत्रीय अनुकूलता जैसी विशेषताएं हैं। इन किस्मों से मैदानी क्षेत्रों में 75 से 85 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और देहरादून क्षेत्र में 40 से 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उपज प्राप्त की जा सकती है। जबकि स्थानीय किस्मों से सामान्यतः केवल 15 से 18 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन मिलता है। साथ ही, इन किस्मों से अनाज के बराबर मात्रा में भूसा भी प्राप्त होता है, जो पशुपालन के लिए चारे की आवश्यकता पूरी करने में सहायक होगा। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक लाभार्थी किसान के साथ एक व्यक्तिगत समझौता किया गया, ताकि बीजों का वैध उपयोग और पुनः उत्पादन के लिए खरीद–फरोख्त व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। गौरतलब है कि गेहूं की ये किस्में प्रदेश के सिंचित और वर्षा आधारित दोनों प्रकार के क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं।

<u>रोजगार मेला</u>

राज्य स्थापना के रजत जयंती सप्ताह के अवसर पर कौशल एवं रोजगार महोत्सव–2025 के अंतर्गत आगामी छह नवम्बर को देहरादून के आई.टी.आई निरंजनपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी ममता चौहान ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए फार्मा, मैन्युफैक्चरिंग और हॉस्पिटैलिटी सहित अन्य कई क्षेत्रों की 40 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी।

उन्होंने बताया कि रोजगार महोत्सव में विभिन्न रोजगारपरक विभागों द्वारा भी सत्र का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सफल उद्यमी, सफलता की कहानी, विषय विशेषज्ञ और सफल स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के प्रति प्रोत्साहित करने की योजना है।